संख्या– 581 /XXIV-C-1/2024-12(12)2024

प्रेषक,

ब्योमकेश दूबे
उप सचिव
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

1. कुलसचिव
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/ सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

2. प्रभारी निदेशक (उच्च शिक्षा)
उच्च शिक्षा निदेशालय
उत्तराखण्ड।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 (समर्थ पोर्टल) देहरादून, दिनांकः 28 जून 2024

विषयः–समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पंजीकरण एवं प्रवेश की तिथि विस्तारण के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक शासनादेश संख्या–530/XXIV-C-1/2024-12(12) 2024 दिनांक 06 जून 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया से वंचित/छूटे हुए अभ्यर्थियों द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में पोर्टल पर प्रवेश हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि दिनांक 14 जून 2024 (रात्रि 11:59) तक विस्तारित की गयी थी।

2– अवगत कराना है कि विभिन्न संस्थानों द्वारा वर्तमान में इण्टरमीडिएट एवं समकक्ष का परीक्षाफल घोषित किया गया है। जिस कारण उपरोक्त तिथि तक सम्बन्धित छात्र समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराने में असमर्थ रहे। जिस हेतु छात्रों द्वारा पंजीकरण की तिथि विस्तारित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3 – इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पंजीकरण की तिथि **दिनांक 25 जून 2024 से 09 जुलाई 2024** (रात्रि 11:59) तक निम्नलिखित शर्तो के साथ विस्तारित की जाती हैः–

1. समर्थ पोर्टल पर उक्त तिथि तक प्रवेश हेतु पंजीकृत छात्रों को दिनांक 11 जुलाई 2024 से 15 जुलाई 2024 तक मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाएगा।
2. संस्थान/महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया उपरोक्त तिथियों में अपराह्न 01 बजे

से 04 बजे के मध्य संस्था में कक्षाओं के संचालन के उपरान्त किया जाएगा।

3. संस्थान में संबंधित विषय/पाठ्यक्रम में प्रवेश पूर्ण होने के उपरान्त सीट अनुपलब्धता की स्थिति में प्रवेश देय नहीं होगा।

4— कृपया उपरोक्त से अवगत होते हुए अपने स्तर से अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधितों को भी यथोचित निर्देश देने का कष्ट करें।

Signed by Byomkesh Dubey
Date: 28-06-2024 16:51:56
(ब्योमकेश दूबे)
उप सचिव

संख्या– 581 /XXIV-C-1/2024-12(12)2022 तददिनांक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड सरकार को मा0 मंत्री जी के संज्ञानार्थ।
2. मा0 कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/ सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि समस्त विद्यालयी शैक्षणिक संस्थानों को अपने स्तर से यथोचित निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें जिससे कि संबंधित विद्यालयों के माध्यम से इस वर्ष इण्टर उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश के संबंध में आवश्यक सूचना प्राप्त हो सके।
4. महानिदेशक, सूचना विभाग, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि व्यापक लोकहित एवं छात्रहित में समर्थ पोर्टल के माध्यम से उक्त प्रवेश प्रक्रिया का व्यापक प्रचार–प्रसार प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से करने हेतु अपने स्तर से अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. प्राचार्य, समस्त संबद्ध राजकीय महाविद्यालय/अनुदानित महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा।
6. परिसर निदेशक संबंधित विश्वविद्यालय/प्राचार्य, समस्त निजी महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा संबंधित कुलसचिव संबद्धता विश्वविद्यालय।
7. संबंधित प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर, समर्थ टीम, नई दिल्ली।

आज्ञा से,

(ब्योमकेश दूबे)
उप सचिव